राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

कुलाधिपति से नवनियुक्त कुलपति की मुलाकात

जयपुर, 20 जनवरी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के नवनियुक्त कुलपति डॉ. प्रवीण चन्द्र त्रिवेदी ने मुलाकात की।

राज्यपाल से लोग मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में इनाया फाउण्डेशन एनजीओ (महिला सशक्तिकरण) की निदेशक श्रीमती नीतिशा शर्मा, कवि एवं कहानीकार श्री नरेन्द्र कुमार लाटा, टोंक के नवाब हसन, रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर के पुजारी विनायक शर्मा ने शिष्टाचार मुलाकात की।

राज्यपाल ने बधाई दी – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन के अधिकारियों को पदोन्नति होने पर बधाई दी। राज्यपाल के आदेशानुसार राजभवन के श्री रामबाबू विजयवर्गीय और नरहरी दत्त शर्मा को सहायक सचिव और श्री फतेह सिंह चौधरी, श्री रामलाल मीणा व मोहम्मद रईस को अनुभागाधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल